p; Need to amend Gazette Notification to facilitate issuance of caste certificate to all the people having the surname as Mina or Meena.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर) ः मैं अपने संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर में अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण-पत्र बनवाने में हो रही दिक्कत की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। भारत सरकार ने गजट नोटिफिकेशन में जन-जाति वर्ग में मीणा-मीना को अंग्रेजी रू.ए में लिखा था। राजस्थान में पाणी-पाणी आदि की तरह मीणा और मीना भी एक ही जाति वर्ग का हैं किन्तु बोल-चाल में मीणा बोला जाता है। इस विसंगति को दूर कर जन-जाति वर्ग को आ रही कठिनाईयों को दूर करने के लिए राजस्थान सरकार ने मीणा-मीना सर्टिफिकेट बनाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दे रखे हैं कि पृत्येक जन-जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं का जाति प्रमाण-पत्र बने। मेरा अनुसूचित जन-जाति आयोग एवं भारत सरकार से आग्रह है कि इस विषय में छात्र-छात्राओं के भविष्य के मद्देनज़र गजट नोटिफिकेशन में सुधार करके मीणा-मीना हिन्दी भाषा में एवं रू.ए-ग्EEग्ए अंग्रेजी भाषा में एक ही मानकर लिखा जाए जिससे कि पूर्व में बने जन-जाति प्रमाण-पत्रों एवं भविष्य में बनने वाले जन-जाति प्रमाण-पत्रों में अधिकारिक रूप से कोई अड़चन पैदा न हो जिससे जन-जाति के छात्र-छात्राओं का भविष्य बचाया जा सके।